### गुरुवार को कम्प्यूटर के सवालों में उलझे लेखपाल भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी

# जिले के सात केंद्रों पर हुई परीक्षा 409 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**आयोजन**



परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी। • हिन्दुस्तान

**सीतापुर, संवाददाता।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की लेखपाल भर्ती परीक्षा गुरुवार को जिले के सात केंद्रों पर नकल विहीन व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई है। एक पाली में आयोजित इस परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। सुबह आठ बजे से ही परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर पहुंचे। जहां पर सघन तलाशी के बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। महिला अभ्यार्थियों की तलाशी के लिए महिला कर्मियों को तैनात किया गया था। तलाशी के दौरान इन कर्मियों ने महिलाओं का मंगलसूत्र, अंगूठी, क्लेचर, चैन आदि चीजें बाहर ही निकलवा दी।

राजकीय इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि स्कूल में लगे पंखे काफी पुराने थे जो इतनी भीषण गर्मी से निजात दिलाने में फेल हुए।

अभ्यार्थियों ने गणित के सवालों को आसान और कंप्यूटर के सवालों को कठिन बताया। उन्होंने बताया कि प्रश्न पत्र में 100 सवाल पूछे गए थे। सभी सवाल बहुविकल्पीय थे।

परीक्षा अपने निर्धारित समय 10 से 12 बजे तक संपन्न हुई। परीक्षा के नोडल विजय प्रकाश ने बताया कि परीक्षा के लिए जिले में सात केंद्र बनाए गए थे। जिनमें 2976 अभ्यार्थियों को शामिल होना था। लेकिन 2567 अभ्यार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए, 409 अनुपस्थित रहे।

परीक्षा के समय जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर. ने राजा रघुबर दयाल इंटर कॉलेज एवं उजागर लाल इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरा, शुद्ध पेयजल एवं शौचालय आदि की जानकारी की।

उन्होंने निर्देश दिये कि अधिक गर्मी के दृष्टिगत अभ्यर्थियों के लिये ठंडे पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह भी मौजूद रहे। इसके अलावा सुरक्षा को लेकर स्टैटिक मजिस्ट्रेट व पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

**लोगों की राय**



गणित और सामान्य ज्ञान के कई सवाल अपेक्षाकृत आसान रहे, जो कि सेलेक्शन में काफी मददगार साबित होंगे। पेपर बहुत अच्छा हुआ है। यहां कोई दिक्कत नहीं हुई। **–स्वेता**



परीक्षा में पूछे गए अधिकांश सवाल पढ़े हुए थे। कंप्यूटर के कुछ सवाल बिना पढ़े हुए आए हैं। गणित के सवाल काफी आसान थे। सफलता मिलने की पूरी उम्मीद है। **–अखिलेश**



कंप्यूटर विषय से जुड़े प्रश्नों ने काफी देर तक उलझाए रखा। कंप्यूटर सेक्शन में तकनीकी और अवधारणात्मक प्रश्न अधिक पूछे गए, जिनका उत्तर देने में समय लगा। **–अर्पिता सिंह**



इतनी भीषण गर्मी में परीक्षा केंद्र पर लगे पंखे भी गर्म हवा फेंक रहे थे। कुछ पंखे इतने पुराने थे, जिनसे हवा ही नहीं आ रही थी। जिम्मेदारों को इस पर ध्यान देना चाहिए। **–तनु**

# खरीफ फसलों में उर्वरकों के प्रयोग की दी जानकारी

**जागरूकता**

- उन्नत कृषि तकनीकों और उर्वरक संतुलन पर कृषक जागरुकता
- रोग व कीटों की नियमित निगरानी करने पर बल दिया

**सीतापुर, संवाददाता।** कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया द्वारा खरीफ फसल प्रबंधन एवं संतुलित उर्वरक उपयोग विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन बिसवां के बदालपुरवा में हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से खरीफ मौसम की प्रमुख फसलों विशेषकर धान, अरहर, तिल आदि के उन्नत प्रबंधन, संतुलित पोषण, जल प्रबंधन तथा खरपतवार एवं कीट-रोग नियंत्रण पर चर्चा की गई। किसानों को बताया गया कि मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं उत्पादन लागत कम करने के लिए संतुलित उर्वरक प्रयोग अत्यंत आवश्यक है। केवल नाइट्रोजनयुक्त उर्वरकों पर निर्भर रहने से मृदा की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है तथा फसल उत्पादन की गुणवत्ता एवं मात्रा दोनों में कमी आती है।

किसानों को संबोधित करते हुए शस्य वैज्ञानिक डॉ. शिशिर कांत सिंह ने खरीफ फसलों में वैज्ञानिक पद्धति से उर्वरकों के प्रयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक उपयोग से फसलों को आवश्यक पोषक तत्व उचित मात्रा में प्राप्त होते हैं, जिससे उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ भूमि की उत्पादकता भी बनी रहती है।

इसके अलावा खरीफ मौसम में अत्यधिक वर्षा या जलभराव की स्थिति में फसल प्रबंधन, समय से निराई-गुड़ाई और रोग व कीटों की नियमित निगरानी करने पर बल दिया। प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह ने किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न कृषि कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी दी।

डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह ने किसानों को धान की फसल में टॉप ड्रेसिंग की उचित विधि, वर्षा की स्थिति में उर्वरक प्रबंधन तथा फसल में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी के लक्षणों की पहचान के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम मे दिलीप व वीरेन्द्र सहित कुल 48 किसान शामिल रहे।



जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित करते कृषि वैज्ञानिक। • हिन्दुस्तान

## शहर 30s




नव चयनित आचार्य प्रशिक्षण में अतिथि को स्मृति चिन्ह देते प्रधानाचार्य। • हिन्दुस्तान

### शिक्षा का लक्ष्य संतुलित विकास हैः हेमचंद्र

**सीतापुर।** आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चल रहे पंद्रह दिवसीय नव चयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग में विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र ने सर्वांगीण विकास पर अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की आत्मा जीव–मात्र की सेवा में है। दलित और वंचित में नारायण का दर्शन ही सच्चा धर्म है। संत एकनाथ का उदाहरण देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि निस्वार्थ सेवा ही वास्तविक पूजा है।

### चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर।** रामपुर कलां पुलिस चोरी के आरोपी दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान रामपुर कला तेजनीपुर निवासी मीनू व रामपुर मथुरा के दहला निवासी उदय राज के रूप में हुई। आरोपी मीनू रामपुर कलां थाने का हिस्ट्रीशीटर है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की हुई पायल नौ हजार रुपसे, तमंचा उव घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है।

### पुलिस ने छह वारंटी गिरफ्तार किए

**सीतापुर।** पुलिस ने अलग अलग थाना क्षेत्र से फरार चल रहे छह वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया है। महमूदाबाद पुलिस ने पंकज कुमार को गिरफ्तार किया है। थानगांव पुलिस ने संजय, लहरपुर पुलिस ने शिवम कुमार, अनीस, सकरन पुलिस ने गलफान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की

**बिसवां।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की 35 वीं पूर्ण तिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमर मेहरोत्रा ने स्वर्गीय गांधी को संचार क्रांति का जनक व आधुनिक भारत का शिल्पकार तथा पंचायती राज के प्रणेता बताया। वहीं प्रदेश कांग्रेस आरटीआई के महासचिव रजनीश कुमार मिश्रा ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार दिया।

### जाम की वजह बन रहे ऑटो

**सीतापुर।** कजियारा चौराहे पर आए दिन जाम की स्थित पैदा हो जाती है। जिससे राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों की माने तो जाम का मुख्य कारण सड़क किनारे खड़े बेतरतीब ई–रिक्शा व आटो है। ई–रिक्शा व आटो चालक सड़क पर वाहन को खड़ा कर सवारियां बैठाने लगते हैं। हालांकि पुलिस कर्मी लगातार ई रिक्शा व आटो वालों का हटवाने का प्रयास करते हैं।

### नाली सफाई से लोगों को राहत

**सीतापुर।** शहर के मोहल्ला लक्ष्मणपुर में नाली सफाई का कार्य हुआ है। कई दिनों से नाली में गंदगी की वजह से पानी नहीं निकल पा रहा था। नाली चोक होने के कारण आने वाली बदबू से लोग बेहाल हो गए थे। जिसको देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने सफाई करवाई है। जिससे लोगों को राहत मिली है।

### तरीनपुर मार्ग पर जलभराव

**सीतापुर।** तरीनपुर मोहल्ले को जाने वाली सड़क पर इस दौरान जलभराव हो रहा है। जिससे कीचड़ पूरी रास्ते में फैल जाता है। इस मार्ग से पूरे मोहल्ले के लोग निकलते हैं। बच्चे स्कूल भी इसी रास्ते से जाते हैं। सभी को परेशानी उठानी पड़ती है। स्थानीय निवासी अमरजीत, शराफत, अनीस आदि ने रास्ता ठीक कराने की मांग की है।

### ई रिक्शा से रोजाना लगता है जाम

**सीतापुर।** शहर के कैप्टन मनोज पांडेय चौक के पास आए दिन जाम की स्थित पैदा हो जाती है। जिससे राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों की माने तो जाम का मुख्य कारण सड़क किनारे खड़े बेतरतीब ई–रिक्शा व आटो है। ई–रिक्शा व ऑटो चालक सड़क पर वाहन को खड़ा कर सवारियां बैठाने लगते हैं। हालांकि पुलिस कर्मी लगातार ई रिक्शा व ऑटो वालों का हटवाने का प्रयास करते हैं।

### किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाया

**सिधौली।** सिधौली के सतिगवां में गुरुवार को एक 17 वर्षीय किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिवार वाले उसे आनन–फानन में अस्पताल ले गए। जहां उसका इलाज चल रहा है। देर शाम किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की। हालत बिगड़ती देख परिवार वालों ने पूछा तो उसने जहरीला पदार्थ खाने की बात बताई। यह सुन परिवार वालों के होश उड़ गए। परिवार वाले आनन–फानन में उसे सिधौली सीएचसी ले गए।

### किसानों को किया जागरूक

**सीतापुर।** महोली के पैलाकीसा गांव फसल अवशेष जलाने से उत्पन्न पर्यावरणीय और जन–स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के बीच, जीआईजेड–जीपीएस रिन्यूएबल्स परियोजना के अंतर्गत आयोजित एक किसान कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें किसानों, मशीन संचालकों, ग्रामीण उद्यमियों एवं स्थानीय हितधारकों को एक साझा मंच पर एकत्रित किया।

### सड़क पर गड्ढे, लोग हो रहे चोटिल

**सीतापुर।** शहर के मंडी गेट के पास दो जगह सड़क में गड्ढे हो गए हैं। जिससे लोगों का निकलना दूभर हो रहा है। इस मार्ग से हर रोज निकलने वाले लोगों को काफी दुश्वारियां होती हैं। बाइक सवार अक्सर गिरते बचते हैं। कई बार लोग चोटिल भी हो चुके हैं। मनोज कुमार, संजय, सगीर, राशिद आदि का कहना है कि सड़क काफी खराब है। लोगों को काफी दिक्कत होती है।

### तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**रामपुर मथुरा।** पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान तमंचा और कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान बगस्ती निवासी शत्रोहन के रूप में हुई है। शत्रोहन के खिलाफ पहले से सीतापुर और लखीमपुर में चोरी, नकबजनी, एनडीपीएस एक्ट समेत करीब एक दर्जन मुकदमें हैं।



तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार।

# नियमों को ताक पर रखकर चहेती फर्मों को भुगतान

**आरोप**

**सीतापुर।** विकास खंड गोंदलामऊ में नियमों को ताक पर रखकर चहेती फर्मों को मनमाने तरीके से भुगतान कर सप्लाई ली गयी है।

वित्तीय नियमों के विरुद्ध जाकर सीधे लखनऊ की फर्मों से सप्लाई जा रही है। बताया जा रहा है कि इस खेल के तहत ब्लॉक की करीब तीन दर्जन ग्राम पंचायतों में नियमों के विरुद्ध सामग्री की सप्लाई कराई गई है। इस पूरी अनियमितता का एक पुख्ता प्रमाण विकास खंड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत हिंडौरा से सामने आए एक बिल से मिला है। हिंडौरा ग्राम पंचायत में मेडिकल उपकरणों की सप्लाई के लिए लखनऊ के इस्माइलगंज स्थित 'रिपब्लिकन एंटरप्राइजेज' नामक फर्म का बिल लगाया गया है।

# ईंट की गुणवत्ता सही नहीं मिली तो उखड़वा दिया खड़ंजा

**सीतापुर, संवाददाता।** कसमंडा ब्लॉक में चल रहे विकास कार्यों की हकीकत देखने डीएम डॉ. राजागणपति आर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ग्राम पंचायत हरदीपुर एवं गोविन्दापुर के निर्माण कार्यों को देखा।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्राथमिक विद्यालय हरदीपुर सम्पर्क मार्ग तक लेपन कार्य को देखते हुये सड़क खुदवाकर उसकी गुणवत्ता को परखा। साथ ही रोड किनारे पटरी न बने होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और जिला पंचायत जेई को निर्देश दिये कि पटरी संबंधी कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द कराया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि जहां पर सड़क निर्माण कार्य करायें, वहां सड़क के किनारे पटरी अवश्य बनाई जाये। इसके पश्चात डीएम ने गोविन्दापुर से जिन्द बाबा से जंगलीदास बाबा की कुटी तक खड़ंजा निर्माण कार्य को भी भी देखा। डीएम ने खड़ंजा की ईंट की गुणवत्ता को परखा। जिसकी गुणवत्ता सही न मिलने पर जिला पंचायत जेई को निर्देश इए कि खड़ंजा उखड़वाकर पुनः कार्य प्रारम्भ किया जाये और कार्य सही ढंग से पूरा कराया जाये। उन्होंने सड़क के किनारे पटरी न बने होने पर पटरी बनवाये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सख्त निर्देश दिये कि भविष्य सभी कार्य सही ढंग से कराये जायें।



ब्लॉक कसण्डा के हरदीपुर में निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते डीएम डॉ. राजा गणपति आर

# रामनाम के सहारे नगवा कोथावा पहुंचा संतों का जत्था



तीसरे पड़ाव पर विश्राम करते संत। • हिन्दुस्तान

**परिक्रमा**

**सीतापुर, संवाददाता।** रामनाम के सहारे आस्था की डगर पर चल रहा संतो का जत्था गुरुवार को परिक्रमा के तीसरे पड़ाव हरदोई स्थित नगवा कोथावा पहुंचा। तीसरे पड़ाव पर परिक्रमार्थियों का स्वागत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने फूल माला पहनाकर किया।

श्रद्धालुओं के पहुंचते ही पड़ाव पर भजन कीर्तन गूंजने लगे। संतो महंतो की टोलियां, बच्चे बुजुर्ग महिला सभी श्रद्धालुओं ने रामनाम का जयकारा लगाते हुए पडाव पर विश्राम के लिए आसन लगा दिए। संतो के साथ सत्संग भजन कीर्तन के बाद श्रद्धालु भोजन की व्यवस्था करते दिखे। चित्रकूट महंत गोविंद दास के सानिध्य में पौराणिक चौरासी कोसीय परिक्रमा सोमवाररामनाम का जयकारा लगाते हुए पड़ाव पर विश्राम के लिए आसन लगा दिए। संतो के साथ सत्संग भजन कीर्तन के बाद श्रद्धालु भोजन की व्यवस्था करते दिखे। चित्रकूट महंत गोविंद दास के सानिध्य में पौराणिक चौरासी कोसीय परिक्रमा गुरुवार सुबह परिक्रमा के दूसरे पड़ाव हरैया से तीसरे पडाव हरदोई जनपद के नगवां कोथावां की ओर बढ़ चला। गोकुल, वृन्दावन, मथुरा, बरसाना चित्रकूट, मध्य प्रदेश से आये परिक्रमार्थि हरैया पडाव से भजन कीर्तन शंखध्वनि, रामनाम का जयकारा करते हुए श्रद्धालुओं का काफिला तीसरे पड़ाव नगवा कोथावा के लिए निकला।

**आज पहुंचेंगे गिरधरपुर उमरारी**

रामनाम के जयकारे के साथ पड़ाव दर पड़ाव भ्रमण कर रहा रामादल शुक्रवार को परिक्रमा के चौथे पडाव गिरधरपुर उमरारी पहुंचेगा। मार्ग में पड़ने वाले मंदिरों में दर्शन पूजन के बाद श्रद्धालु पड़ाव पर ही रात्रि विश्राम करेंगे।

**चाय दिवस** | अलग-अलग स्वादों की ये चायें हर मूड और मौसम के लिए कुछ खास लेकर आती हैं

# चाय दिन की शुरुआत से लेकर रिश्तों की मिठास तक

**सीतापुर, संवाददाता।** घर पर मेहमान आएं और चाय न पूछी जाए, ऐसा भारतीय संस्कृति में शायद ही कभी देखने को मिले। दिन की शुरुआत से लेकर रिश्तों की मिठास तक चाय भारतीय जीवनशैली का अहम हिस्सा बन चुकी है। सिर्फ चाय पीने का बहाना नहीं, परंपराओं को समझने और सराहने का अवसर है।

चाहे मसाला चाय हो इलायची और अदरक वाली यी ग्रीन टी हर कप में एक कहानी छिपी होती है। अलग–अलग स्वादों की ये चायें हर मूड और मौसम के लिए कुछ खास लेकर आती हैं। गांव की चौपाल हो या शहर का दफ्तर, हर जगह चाय लोगों को जोड़ने का माध्यम बन गई है। यही वजह है कि इसे केवल पेय पदार्थ नहीं, बल्कि अपनापन और स्वागत का प्रतीक माना जाता है। आदर्शनगर के दिनेश मिश्रा ने बताया कि चाय अब जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। दिनभर की थकान हो या काम के बीच थोड़ी राहत, चाय हर मौके पर साथ रहती है। लहरपुर के पंक यादव के मुताबिक दोस्त या रिश्तेदार घर आएं तो सबसे पहले चाय का दौर चलता है। कहीं कोई दोस्त मिल जाए तो सबसे पहले चाय पी जाती है। चाय के साथ ही बातचीत शुरू होती है। आज चाय लोगों को जोड़ने का माध्यम बन गई है। चाय का इतिहास भी काफी रोचक है। माना जाता है कि चाय की शुरुआत लगभग पांच हजार वर्ष पहले चीन में हुई थी। धीरे-धीरे यह पेय लोगों की पहली पसंद बन गया।



महिलाओं को ब्लू टी की बारीकियां सिखाती डॉ. रीमा। • हिन्दुस्तान

**अपराजिता के फूलों से तैयार हो रही ब्लू टी**

चाय को सेहतमंद बनाने की दिशा में कृषि विज्ञान केंद्र कटिया लगातार प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में जिले में ब्लू टी और ग्रीन टी के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। फिलहाल बिसवां ब्लॉक के कमुआ गांव में अपराजिता के फूलों की खेती का क्लस्टर विकसित किया गया है।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

मण्डल कार्यालय सीतापुरः
बीएसएनएल एक्सचेंज भवन, सीतापुर, उ.प्र.
फो. नं. 5862-246354 ईमेल:cositapurrecovery@pnb.bank.in

अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी हेतु बिक्री सूचना

ई–नीलामी प्रक्रिया से "वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत जो प्रतिभूति (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के साथ पठित है, अचल/चल संपत्तियों की बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना।

जनसाधारण और विशेष रूप से उधारकर्ताओं, जमानतकताओं, बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल/चल संपत्ति(यों) जिन्हें बैंक के पक्ष में गिरवी/बंधक रखा गया था एवं जिनका रचनात्मक कब्जा (सांकेतिक/भौतिक) पंजाब नैशनल बैंक (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है की ई–नीलामी "जहाँ है जैसा है", "जहां है जो है" और "जो भी हो" के अनुसार निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं), बंधककर्ता(ओं) और जमानतकताओं से प्रतिभूत राशि की वसूली के लिए की जाएगी। बिक्री की तारीख, आरक्षित मूल्य, EMD राशि एवं अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण (कोई अधिभार ज्ञात नही) निम्नानुसार है।

बिक्री हेतु बंधक सम्पत्ति का विवरण

| क्र सं | (अ) शाखा का नाम (ब) खाते का विवरण (स) उधारकर्ता/जमानतकर्ता/खाता का नाम एवं पता | अचल सम्पत्ति का विवरण बंधक/सम्पत्ति मालिक का नाम बंधक सम्पत्ति/यां (परिसम्पत्ति से सम्बन्धित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) | अ)डिमांड नोटिस की तिथि 13(2)सरफेसी नियम 2002 ब) बकाया राशि स) कब्जा की तिथि, 13(4) सरफेसी नियम 2002 द) कब्जा का प्रकार– रचनात्मक सांकेतिक/भौतिक कब्जा | अ)आरक्षित मूल्य ब)धरोहर धनराशि स) वृद्धिशील बिड धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| नोडल अधिकारी - श्री योगेश, मुख्य प्रबन्धक, मण्डल कार्यालय, सीतापुर, मो. : +91 9805004858 | | | | |
| ई–नीलामी की तिथि व समय 08.06.2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक, धरोहर धनराशि जमा करने की अन्तिम तिथि 08.06.2026 | | | | |
| 1 | (अ) शाखा–पलिया कलां, लखीमपुर खीरी (ब) श्री मनीराम, खाता संख्या 419500870000116O & 419500IB00000152 स) श्री मनी राम (उधारकर्ता एवं बंधककर्ता) पुत्र श्री महादेव प्रसाद, श्री तौले राम (जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता) पुत्र श्री महादेव प्रसाद, श्री सुशील कुमार (जमानतकर्ता) पुत्र श्री मनी राम सभी निवासी : (1) मोहल्ला – अहिरन–1, पोस्ट– पलिया कलां, तहसील– पलिया कलां, जिला–लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश, पिन–262902 (2) ग्राम– तेहरा देहात, निघासन रोड, पोस्ट–पलिया कलां, तहसील–पलिया कलां, जिला– लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश, पिन–262902 | गैर–कृषि भूमि खाता नंबर 445 का भाग, खसरा नंबर 2002, क्षेत्रफल 0.130 हेक्टेयर अर्थात् 0.32 एकड़ एवं खाता नंबर 765 का भाग, खसरा नंबर 2003, क्षेत्रफल 0.130 हेक्टेयर अर्थात 0.32 एकड़ स्थित ग्राम पलिया देहात, परगना –पलिया, तहसील–पलिया कलां, जिला–लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश जोकि पंजीकृत विक्रय विलेख संख्या 1780 दिनांक 10.12.1973 के अनुसार श्री मनीराम पुत्र श्री महादेव एवं श्री तौले राम पुत्र श्री महादेव के नाम उप–निबन्धक कार्यालय पलिया कलां लखीमपुर खीरी में पंजीकृत है। चौहददीः पूर्वः चक मार्ग, पश्चिमः गोविंद का खेत, उत्तरः बानू राम का खेत, दक्षिणः चक मार्ग। | अ) 12.07.2023 ब)रू. 33,52,189.19/- +ब्याज दि. 01-07-2023 से प्रभावी एवं अन्य खर्चे जब तक कि पूर्ण भुगतान न हो, स) 21.09.2023 द)सांकेतिक कब्जा वर्तमान बकाया रू. 1504876.21 (31.03.2026 तक) +खर्चे | अ)रू. 29.00 लाख ब)रू.आरक्षित मूल्य का 10% स)रू. 0.10 लाख |
| 2 | (अ) शाखा–आवास विकास, लखीमपुर खीरी (ब) श्री योगेश स्वर्णकार, खाता नं.6252009300000119 स) श्री योगेश स्वर्णकार(उधारकर्ता/बंधककर्ता) पुत्र श्री राजेश कुमार रस्तोगी, निवासी : मोह– 403, मौर्या कॉलोनी, वार्ड– अर्जुनगंज, तहसील– लखीमपुर, लखीमपुर खीरी, उ.प्र. 262701। श्री राजेश कुमार रस्तोगी (जमानतकर्ता) पुत्र श्री नंद किशोर रस्तोगी, निवासी : 1003/10 आनंद टॉकीज रोड, हाथीपुर, तहसील–लखीमपुर, लखीमपुर खीरी, यूपी पिन –262701 | आवासीय भूमि, उस पर निर्माण के साथ, क्षे. 30.669 वर्गमी. (330.00 वर्गफीट) स्थित मोह–मौर्य कॉलोनी, वार्ड–अर्जुनपुरवा, परगना –खीरी, तहसील–सदर, जिला लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश जोकि पंजीकृत उपहार विलेख संख्या 14624 दिनांक 28.07.2018 के अनुसार श्री योगेश स्वर्णकार पुत्र श्री राजेश कुमार के नाम पर उप निबंधक कार्यालय, सदर, लखीमपुर खीरी में पंजीकृत हैं। चौहददी–पूर्व– रास्ता 2.439 मीटर चौड़ा, पश्चिमः राम किशोर का मकान, उत्तरः बनवारी लाल का मकान, दक्षिणः राजेश कुमार रस्तोगी का मकान। | अ) 17-02-2023 ब)रू. 11,65,609.44 +ब्याज दिनांक 01-02-2023 से प्रभावी एवं अन्य खर्चे जब तक कि पूर्ण भुगतान न हो, स)24.05.2023 द)सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 7.10 लाख ब)रू. 0.71 लाख स)रू. 0.10 लाख |
| 3 | (अ) शाखा–(145120) बंशीनगर, हरदोई (ब) श्री आदेश मिश्रा एवं श्रीमती आरती मिश्रा खाता संख्या 1451300005203 स) श्री आदेश मिश्रा (उधारकर्ता) पुत्र श्री रामनिवास मिश्रा; पता (1) केयर ऑफ श्री हेतम सिंह, मकान नंबर 246, सुभाष नगर, हरदोई (ग्रामीण), हरदोई 241001 (2) केयर ऑफ श्री रामनिवास मिश्रा, दुर्गा कॉलोनी, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद, फतेहगढ़, उत्तर प्रदेश–209601, श्रीमती आरती मिश्रा (उधारकर्ता) पत्नी श्री आदेश मिश्रा पताः (1) केयर ऑफ श्री हेतम सिंह, मकान नंबर 246, सुभाष नगर, हरदोई (ग्रामीण), हरदोई 241001 (2) मुनीम जी वाली गली, दुर्गा कॉलोनी, भोलेपुर, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद, उत्तर प्रदेश – 209601 | अचल संपत्ति –आवासीय मकान निर्मित गाटा संख्या 448 अ एवं 448 ब के भाग पर, क्षे. 492 वर्ग फुट (45.72 वर्ग मीटर) स्थित हरदोई देहात, परगना बांगर, तहसील एवं जिला हरदोई जो उप–निबन्धक, कार्यालय हरदोई में क्रमांक 12389 दिनांक 24.11.2017 को एवं संशोधित विक्रय विलेख नं. 19077 दिनांक 13.12.20218 को श्रीमती आरती मिश्रा के नाम से पंजीकृत है। चौहददी– पूर्व– 20 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिम रघुनाथ व अन्य की भूमि, उत्तर– सुनील का प्लॉट, दक्षिण– श्रीमती रंजना सिंह का प्लॉट। | अ)24.04.2025 ब)रू 6,17,649.98 दिनांक 31.03.2025 तक +ब्याज दि 01.04.2025 से प्रभावी एवं अन्य खर्चे स) 18.07.2025 द)सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 7.50 लाख ब) आरक्षित मूल्य का 10% स)रू. 0.10 लाख |
| 4 | (अ) शाखा–गोलागोकर्णनाथ, लखीमपुर खीरी (ब) नवोदय इंटर कॉलेज (ट्रस्टः नवोदय एजुकेशन सोसाइटी) खाता संख्या 190100IB00000428 स) नवोदय इंटर कॉलेज (ट्रस्टः नवोदय एजुकेशन सोसाइटी) पताः मोहम्मदी रोड, निकट सरायन नदी, पोस्ट– गोला गोकरण नाथ, परगना– हैदराबाद, तहसील– गोला, लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश, पिन–262802, श्री हरद्वारी लाल (प्रबंधक/संस्थापकः नवोदय इंटर कॉलेज) (उधारकर्ता/बंधककर्ता) पुत्र श्री केसव राम, पताः मुहल्ला– मुन्नूगंज, गांधी विद्यालय के पीछे, वार्ड नंबर 12, पोस्ट– गोला गोकर्णनाथ, तहसील– गोला, लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश, पिन–262802, श्री राम कुमार वर्मा (जमानतकर्ता) पुत्र श्री खंजन लाल वर्मा, पताः मोह–भारत भूषण कॉलोनी, पोस्ट–गोला गोकर्णनाथ, तहसील–गोला, जिला–लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश, पिन–262802 | आवासीय प्लॉट, उस पर निर्माण सहित मकान नंबर 153–ए, क्षे. 164.41 वर्ग मीटर या 1769.00 वर्ग फुट स्थित मोहल्ला मुन्नूगंज (नगर पालिका गोला के अंतर्गत), परगना–हैदराबाद, तहसील–गोला गोकर्णनाथ, जिला–लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश जोकि पंजीकृत विक्रय अभिलेख संख्या 479 दिनांक 13.01.2012 के अनुसार श्री हरद्वारी लाल पुत्र श्री. केशव राम के नाम उप–निबन्धक, कार्यालय गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर खीरी में पंजीकृत है। चौहददी– पूर्वः रास्ता 18फीट चौड़ा, पश्चिमः हरित पट्टी नाली, उसके बाद 18फीट चौड़ा रास्ता, उत्तरः विक्रेता का प्लॉट, दक्षिणःश्री राजेश कुमार वर्मा का प्लॉट। | अ) 30.05.2025 ब)रू. 9,72,490.00 दिनांक 30.04.2025 तक+ब्याज दिनांक 01.05.2025 से प्रभावी एवं अन्य खर्चे जब तक कि पूर्ण भुगतान न हो, स) 29.08.2025 द)सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 47.00 लाख ब)रू. 4.70 लाख स)रू. 0.10 लाख |

प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात अधिभार का विवरण – कोई अधिभार ज्ञात नही

नियम एवं शर्तें– बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम एवं शर्तों की पुष्टिकरण के अधीन होगी। 1. सम्पत्तियों की बिक्री "जहाँ है जैसा है", "जैसा है वैसा है", "जो भी हो" और दायित्व रहित के आधार पर की जायेगी। 2. बंधक सम्पत्ति से सम्बन्धित निर्दिष्ट जानकारी बैंक के पास उपलब्ध सूचना के आधार पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अंकित किये गये है। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि गलत बयान या बिक्री सम्बन्धी घोषणा में हुई चूक हेतु जवाबदेही नही होगा। 3. बिक्री प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ई–नीलामी प्लेटफार्म वेवसाइट https://baanknet.com पर की जायेगी। 4. विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com. में दिए गए लिंक को देखें।

बिक्री सूचना सरफेसी एक्ट 2002 के अधीन नियम 8(6) एवं 9(1) के अन्तर्गत वैधानिक चेतावनी है।

दिनांक 22.05.2026 स्थान सीतापुर

प्राधिकृत अधिकारी,
पंजाब नैशनल बैंक, प्रतिभूत लेनदार